# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय

ट्रांसपोर्ट नगर के पीछे, विश्वविद्यालय मार्ग
तीनपानी बाईपास, हल्द्वानी जनपद नैनीताल 263139
**Tel: 18001804025,** +91-(5946) –286006
**Website:** http://www.uou.ac.in

**Tender Document No-**UOU/SPS/15/2021-22/918/

Date: 18 /8/2021

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी के नवनिर्मित भवन के लिए फर्नीचर क्रय किए जाने हेतु ई–निविदा प्रपत्र

## ई–निविदा आमंत्रण

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नवनिर्मित भवन में अवस्थित कक्षों के लिए फर्नीचर क्रय किए जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। अर्ह एवं इच्छुक निविदादाता ई–निविदा की विस्तृत जानकारी, निविदा प्रारूप तथा शर्तें वेबसाइट www.uou.ac.in अथवा www.uktenders.gov.in से प्राप्त कर सकते है।

कुलसचिव

# उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय, तीनपानी बाइपास हल्द्वानी

उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय के अन्तर्गत नवनिर्मित भवन में अवस्थित के लिए फर्नीचर क्रय किए जाने हेतु ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र0सं0 | विवरण | दिनांक |
|---|---|---|
| 1. | वेबसाईट uktenders.gov.in पर निविदा प्रपत्र उपलब्ध होने की तिथि | 23/08/2021 |
| 2. | निविदा आवेदन पत्र शुल्क रू–590.00 (पॉच सौ नब्बे मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी कोष में ऑनलाइन जमा किये जाने की अन्तिम तिथि | 06/09/2021 |
| 3. | तकनीकी एवं वित्तीय बिडों को ऑनलाईन अपलोड करने की अन्तिम तिथि | 06/09/2021 |
| 4. | तकनीकी निविदा खोलने की निर्धारित तिथि | 06/09/2021<br>(सायं 03.00 बजे) |
| 5. | वित्तीय निविदा खोलने की निर्धारित तिथि | तकनीकी निविदा खोले जाने के उपरान्त घोषित की जाएगी । |

## निविदा के नियम एवं शर्तेः–

1. वर्तमान निविदा के सापेक्ष प्रतिक्रिया दो बोली प्रणाली (तकनीकी तथा वित्तीय) से की जा सकेगी। इस निविदा के तकनीकी बिड का प्रारूप एवं समस्त वांछित अभिलेख ऑनलाईन जमा किये जाने आवश्यक हैं, अन्यथा तकनीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी। **(प्रारूप, संलग्नक 1)**
2. तकनीकी बिड में वांछित अभिलेखों को क्रमवार संलग्न कर अपलोड किया जाना अनिवार्य होगा।
3. सामग्री की विशिष्टता के अनुसार निविदा प्राप्त न होने की दशा में सम्बन्धित फर्म की दरों पर विचार नहीं किया जाएगा। **(वांछित विशिष्टता, संलग्नक 2)**
4. यदि किसी कारणवश निविदा खोले जाने के दिवस को अवकाश घोषित होता है, तो उस स्थिति में अगले कार्यदिवस में निविदाए खोली जाएंगी।
5. ई–निविदा में प्रतिभाग करने हेतु निविदादाता के पास वैध–डी0एस0सी0 होनी आवश्यक है तथा प्रतिभाग करने के लिए निविदादाता को uktenders.gov.in पर स्वयं/फर्म को पंजीकृत कराना होगा।
6. निविदा में उल्लेखित सामग्री (फर्नीचर) की समयान्तर्गत आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, अतः निविदादाता यह सुनिश्चित कर लें कि उनके पास इस कार्य हेतु पर्याप्त सामग्री, सामर्थ्य तथा अनुभव है। निविदा स्वीकृत होने तथा कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त यदि कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है अथवा आंशिक कार्य करने के उपरान्त यदि कार्य करने में असमर्थता व्यक्त की जाती है, तो

कार्यपूर्ति प्रतिभूति जब्त कर ली जायेगी तथा सम्बन्धित कार्यदायी संस्था को ब्लैक लिस्टेड कर दिया जाएगा।

7. आपूर्तिकर्ता, जिन्हें उत्तराखण्ड शासन द्वारा नियमानुसार निविदा शुल्क में छूट प्रदत्त हो, वे इस आशय का प्रमाणपत्र निविदा भरते समय वेबसाइट में अपलोड करेंगे, अन्यथा की स्थिति में उनको यह छूट प्रदान नहीं की जाएगी। ऐसे निविदादाताओं के द्वारा यदि बिना प्रमाणपत्र के निविदा में प्रतिभाग किया जाएगा, तो उन्हें नियमानुसार छूट दिए जाने पर विचार नहीं किया जा सकेगा।

8. निविदा आवश्यक रूप से दिये गये मानकों के अनुसार होनी चाहिए। मानक के अनुरूप न पाए जाने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। अधूरे अथवा अस्पष्ट निविदा को रद्द कर दिया जायेगा।

9. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह पूर्ण अधिकार होगा कि वह बिना कोई कारण बताए एक अथवा समस्त प्रस्तावों को स्वीकार/अस्वीकार कर सकता है। साथ ही बिना कोई कारण बताए किसी भी चरण में निविदा प्रक्रिया पर रोक लगाने तथा पुनः नवीन निविदा आमंत्रित करने हेतु स्वतन्त्र है।

10. निविदादाता की ओर से किसी प्रकार के नियम अथवा शर्त अधिरोपित किया जाना स्वीकार्य नहीं होगा। वेबसाईट में अपलोड की गयी निविदा के प्रत्येक पृष्ठ पर फर्म की मुहर तथा फर्म के मालिक/साझेदार के हस्ताक्षर अंकित होने अनिवार्य है।

11. निविदा आवेदन पत्र शुल्क रु0 590/– (रु0 पांच सौ नब्बे मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय निम्नलिखित बैंक एकाउन्ट में ऑनलाईन माध्यम (RTGS/NEFT/IMPS आदि) से जमा कराना होगाः–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | बैंक का नाम | : | भारतीय स्टेट बैंक |
| 2. | शाखा | : | कुसुमखेड़ा हल्द्वानी (नैनीताल) |
| 3. | खाताधारक का नाम | : | उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी |
| 4. | आई0एफ0एस0सी0 | : | SBIN0005100 |
| 5. | खाता संख्या | : | 30617837388 |

12. ऑनलाईन जमा की गयी धनराशि की प्राप्ति /लेन–देन रसीद (Reciept/Transaction reciept) की प्रति निविदा पोर्टल पर अपलोड की जानी आवश्यक होगी जिसके बाद ही निविदा पर विचार किया जाएगा।

13. निविदादाता के पास फर्नीचर आपूर्ति का कम से कम 02 (दो) वर्षो का अनुभव होना चाहिए। अनुभव प्रमाण पत्र तकनीकी बिड के साथ अपलोड किया जाना आवश्यक होगा।

14. निविदादाता का वर्ष 2018–19, 2019–20 एवं 2020–21 में प्रत्येक वर्ष में वार्षिक टर्न ओवर रू0 800000/–(रू0–आठ लाख मात्र) से कम नहीं होना चाहिए। वार्षिक आय विवरण/प्रमाण पत्र तकनीकी बिड के साथ अपलोड किया जाना आवश्यक है।

15. निविदादाता फर्म को इस आशय का शपथ पत्र रू0 10/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर प्रस्तुत करना होगा कि फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्टेड नहीं किया गया है। उक्त शपथ पत्र की स्कैन सॉफ्ट कॉपी निविदा पोर्टल पर अपलोड की जानी अनिवार्य होगी।**(प्रारूप, संलग्नक–3)**

16. उत्तराखण्ड शासन वित्त (वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7 के आदेश संख्या 121 (1)/XXXVII(7)/21-31/2007 दिनांक 29.04.2021 द्वारा दिनांक 31.12.2021 तक निविदा की शर्तो में शिथिलीकरण प्रदान किया गया है, के आलोक में निविदादाताओं से धरोहर राशि नहीं ली जाएगी प्रत्युत निविदादाताओं द्वारा अनुबन्ध से पूर्व रु0 100/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में Bid Security Declaration /शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना होगा। **(प्रारूप, संलग्नक–4)**

17. निविदा प्रक्रिया पूर्ण होने के उपरान्त सफल निविदादाता द्वारा धनराशि रू0 100/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर शपथ पत्र दिया जाना होगा जिसका प्रारूप निविदा खुलने के उपरान्त सम्बन्धित फर्म को दिया जाएगा।

18. यदि आपूर्तिकर्ता फर्म सामग्री (फर्नीचर) का अधिकृत विक्रेता है, तो ऐसी स्थिति में सत्यापित प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक होगा।

19. सफल निविदादाता को अनुबन्ध के समय कार्य प्रतिभूति के रूप में रू0 45,000.00 (रू0 पैंतालीस हजार मात्र) उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय में जमा करना होगा।

20. क्रय समिति द्वारा प्रथमतः तकनीकी बिड खोली जाएगी। तकनीकी निविदा में सफल निविदादाता की ही वित्तीय निविदा निर्धारित तिथि को ऑनलाईन खोली जायेगी।

21. यदि तकनीकी बिड का प्रारूप तथा उसके संलग्नक अपूर्ण पाये जाते हैं, तो सम्बन्धित निविदादाता की तकनीकी बिड निरस्त कर दी जायेगी तथा वित्तीय बिड नहीं खोली जायेगी।

22. निविदा के दोनों प्रपत्र स्पष्ट रूप से भरे होने चाहिए, अधूरे प्रपत्र एवं कटिंग (ओवर राइटिंग) वाली निविदा मान्य नहीं होगी।

23. स्रोत पर की जाने वाली वैधानिक कटौतियॉ देयकों से की जायेगी एवं मॉग करने पर कटौती का प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया जायेगा।

24. सामग्री का क्रय आवश्यकतानुसार किया जायेगा तथा आपूर्ति के साथ क्रयादेश की कॉपी एवं दो प्रतियों में बीजक साथ में उपलब्ध कराना आवश्यक होगा।

25. जिस फर्म की दरें स्वीकृत होती है उस फर्म को क्रयादेश दिये जाने के 02 दिन के अन्तर्गत आपूर्ति करने हेतु ई–मेल के माध्यम से अपनी सहमति भेजनी होगी।

26. दरें स्वीकृत हो जाने के पश्चात विश्वविद्यालय द्वारा गठित समिति फर्म के प्रतिष्ठान का स्थलीय निरीक्षण कर सकती है, यदि स्थलीय निरीक्षण में फर्म उक्त कार्य को करने के लिये सक्षम नहीं पाई जाती है, तो कार्यादेश निरस्त कर दिया जाएगा अथवा मुद्रण कार्य दूसरी वरीयता प्राप्त फर्म को दे दिया जाएगा तथा ऐसी गलत पायी गई फर्म की धरोहर धनराशि जब्त की जा सकती है।

27. यदि सफल निविदादाता सामग्री की आपूर्ति नियत तिथि तक नहीं कर पाता है, तो ऐसी स्थिति में विश्वविद्यालय द्वारा क्रय आदेश मूल्य का 01 प्रतिशत प्रतिदिन की दर से कटौती की जाएगी, जो कि क्रय आदेश के अधिकतम का 10 प्रतिशत तक हो सकती है। क्रय आदेश को निरस्त किया जा सकता है। यदि क्रय आदेश निरस्त किया जाता है, तो ऐसी स्थिति में विक्रेता किसी प्रकार की क्षतिपूर्ति प्राप्त करने का अधिकारी नहीं होगा।

28. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि यदि निविदादाता निर्धारित अवधि में सामग्री की आपूर्ति नहीं करता है, तो जैसा वह उचित समझे निविदाकर्ता के विरूद्व निर्णय ले सकता है, जिसमें कार्य प्रतिभूति राशि जब्त करना भी सम्मिलित है।

29. निविदा पूर्ण तथा उचित होनी चाहिए तथा समस्त कर, आकस्मिक व्यय जिसमें बीमा आदि भी सम्मिलित है, को प्रकट किया जाना होगा, निविदा स्वयं में पूर्ण होनी चाहिए तथा निविदाकार के समस्त दायित्वों तथा कार्य के संतोषप्रद निर्वहन हेतु आवश्यक समस्त प्रकरण एवं तथ्यों का विवरण समेकित होना चाहिए।

30. निविदा में अंकित दरों में वृद्धि किसी भी स्थिति में मान्य नहीं होगी। अंकित दरें किसी भी कारण यथा सामग्रियों के दाम, मूल सामग्रियों, विनियमय दर, माल भाडें तथा लेबर आदि पर निर्भर नहीं रहेगी। निविदा दरों में किसी भी प्रकार की अस्थिरता (Fluctuation) अनुज्ञात नहीं की जाएगी।

31. निविदा में स्वीकृत दरें अनुबन्ध की तिथि से 01 वर्ष हेतु वैध तथा स्थिर रहेंगी। निविदा के माध्यम से स्वीकृत दरों को पारस्परिक सहमति के आधार पर अग्रेतर बढ़ाया जा सकेगा।

32. उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय को यह अधिकार होगा कि वह बिना किसी कारण बताए किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त कर सकता हैं।

33. निविदा खुलने के उपरान्त दरों तथा शर्तों में कोई संशोधन स्वीकार/मान्य नहीं किया जायेगा।

34. आपूर्ति की गयी सामग्री की माप कार्यादेश के अनुरूप न होने, निर्धारित समयान्तर्गत आपूर्ति न होने पर बीजक की धनराशि में कटौती करने का अधिकार विश्वविद्यालय को होगा, जिस पर फर्म द्वारा कोई आपत्ति नहीं की जायेगी।

35. एक वर्ष में फर्नीचर खराब होने पर आपूर्तिकर्ता द्वारा उसे बदला जाना होगा अन्यथा फर्म को ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जाएगी।

36. निविदादाता को कार्यादेश मिलने के उपरान्त सम्बन्धित कार्य को किसी दूसरी फर्म/तृतीय पक्ष को किराए/पट्टे पर देने का अधिकार नहीं होगा। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा प्रतिभूति/कार्य प्रतिभूति जब्त कर ब्लैक लिस्टेड करने की कार्यवाही की जायेगी।

37. विश्वविद्यालय को निविदा प्रक्रिया को बिना कारण बताए निरस्त करने का अधिकार होगा।

38. किसी भी विवाद की स्थिति में मा0 कुलपति जी का निर्णय अंतिम होगा तथा सभी पक्षों पर बाध्यकारी होगा।

39. सम्बधित कार्य के सम्बन्ध में किसी विवाद के लिये न्यायिक क्षेत्र मुख्यालय नैनीताल होगा, अन्य किसी भी न्यायालय में विचारार्थ नहीं होगा।

18/8/21
कुलसचिव

# तकनीकी बिड प्रारूप

## उत्तराखण्ड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी हेतु फर्नीचर क्रय हेतु तकनीकी बिड का प्रारूप पत्र

| क्र0स0 | विवरण | विवरण | | संलग्नक क्रमांक |
|---|---|---|---|---|
| 1. | निविदादाता का नाम | | | |
| 2. | निविदादाता की फर्म नाम तथा पता | ........................................................<br>........................................................ | | |
| 3. | निविदा प्रपत्र शुल्क राशि के रूप में रु0 590/– की राशि जमा कराने का विवरण आनलाइन ट्रांजेक्शन नम्बर/जमा रसीद अपलोड करें। | Transaction Number | | |
| | | Date of Transaction | | |
| | | Amount | Rs 590.00 | |
| 4. | यदि निविदादाता निविदा प्रपत्र शुल्क में छूट का दावा करता है, तो इस हेतु उत्तराखण्ड राज्य सम्बन्धी स्वप्रमाणित प्रमाण पत्र अपलोड करें। | | | |
| 5. | रु0 100/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में Bid Security Declaration/शपथ पत्र | | | |
| 6. | निविदादाता फर्म के पैन कार्ड की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करें | | | |
| 7. | निविदादाता फर्म के प्राधिकृत सम्पर्ककर्ता के नाम | | | |
| 8. | निविदादाता फर्म के अधिकृत सम्पर्ककर्ता का फोन/मोबाइल नम्बर | | | |
| 9. | निविदादाता फर्म का ई–मेल | | | |
| 10. | निविदादाता फर्म के जी0एस0टी0 पंजीकरण की सम्बन्धी जी0एस0टी0 पंजीकरण की स्वप्रमाणित पंजीकरण की प्रति अपलोड करें। | | | |
| 11. | निविदादाता फर्म को किसी भी शासकीय संस्थान द्वारा ब्लैक लिस्ट न किये जाने सम्बन्धी शपथपत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें। (संलग्नक–03) | | | |
| 12. | निविदादाता द्वारा अनुबन्ध से पूर्व रु0 100/– के गैर न्यायिक स्टाम्प पेपर पर निर्धारित प्रारूप में Bid Security Declaration /शपथ पत्र (संलग्नक–04) | | | |
| 13. | निविदादाता फर्म के वार्षिक टनओवर सम्बन्धी सी0ए0 के प्रमाण पत्र की स्कैन प्रति अपलोड करें (प्रत्येक वर्ष में रू0 600000/–) से कम नहीं होना चाहिए) | **Financial Year** | **Turn Over** | |
| | | 2018-19 | | |
| | | 2019-20 | | |
| | | 2020-21 | | |
| 14. | निविदादाता फर्म के आयकर रिटर्न जमा करने सम्बन्धी प्रमाण की स्कैन प्रति अपलोड करें। | Assessment Year 2019-20 | | |
| | | Assessment Year 2020-21 | | |
| | | Assessment Year 2021-22 | | |
| 15. | निविदादाता फर्म द्वारा पूर्व में की गयी आपूर्तियों का अनुभव प्रमाण पत्र स्कैन प्रति अपलोड करें। | | | |

हस्ताक्षर निविदादाता मोहर सहित

## Technical Specification of Furnitures

Following Specification must be required in Furnitures:-

| S.N | Product | Specification for Purchase | |
|---|---|---|---|
| 1 | Executive office chair | High back with adjustable lumber support for comfort and with arm. | |
| | | **Pedestal Base:** | Glass Fiber Nylon with ABS/ Nylon Twin Caster Wheels Minimum 5 Nos, of 50 mm Size |
| | | **Arm Material:** | aluminium covered with polyurethane |
| | | **Seat material:** | PU Foam Covered With pure leathered |
| | | **Chair type** | Central tilt synchronic |
| | | Type of backrest support | backrest symmetrical lumber support |
| | | **Material Back Cover /Seat:** | Leathered |
| | | **Height Adjustment:** | Up to 100mm(± 5mm) |
| | | **Back type**: | Push back |
| | | **Overall Chair Height:** | 1080mm (±15mm) |
| | | **Backrest Height** | 550 mm(±15mm) |
| | | **Backrest Width** | 500 mm(±15mm) |
| | | **Seat Height** | 450mm(±15mm) |
| | | **Seat Width** | 500mm(±10mm) |
| | | **Seat Depth** | 460mm (±10mm) |
| | | **Thickness of MS Plate Joining the under structure with Seat** | 1.8mm |
| | | **Thickness of Plywood used in Seat/back** | 12 mm (±1mm) |
| | | **Thickness of Polyurethane Foam Used in Seat/back** | 55 mm (±2 mm) |
| | | **ISO Certification** | ISO 9001:2015<br>ISO 14001:2015<br>ISO 18001: 2007 |
| | | **Warrantee period** | 01-year |
| 2 | Office chair | **Low back with arm.** | |
| | | **Type of Seat and Backrest** | Padded with Polyurethane Foam |
| | | **Arm Material:** | chrome on mild steel |
| | | **Frame type:** | Cantilever 16-gauge tubular pipe |
| | | **Material Back Cover /Seat:** | leathered |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Back type: | Fixed |
| | | Overall Chair Height: | 950mm(±15mm) |
| | | Backrest Height | 550mm(±10mm) |
| | | Backrest Width | 400mm(±10mm) |
| | | Seat Height | 480mm(±5mm) |
| | | Seat Width | 600mm(±10mm) |
| | | Seat Depth | 500mm(±10mm) |
| | | GSM/Thickness of Fabric | 250GSM (±5GSM) |
| | | Thickness of Plywood used in Seat | 12mm(±1mm) |
| | | Thickness of Polyurethane Foam Used in back | 50mm(±5mm) |
| | | Thickness of Polyurethane Foam Used in Seat | 40mm(±5mm) |
| | | ISO Certification | ISO 9001:2015<br>ISO 14001:2015<br>ISO 18001: 2007 |
| | | Warrantee period | 01-year |
| 3 | Executive office table | Table top Material | Three layer prelaminated particle board o<br>II type II of IS 12823/Latest |
| | | Gable end and modesty panel material | Three Layer prelaminated particles board<br>grade II type III of IS 12823/Latest |
| | | Thickness of table top | 25 mm (±2 mm) |
| | | Length of table top | 1500 mm(±10 mm) |
| | | Depth of table | 900 mm(±10 mm) |
| | | Height of table | 760 mm(±10 mm) |
| | | Number of Storage unit provided | Triple storage on one side |
| | | ISO Certification | ISO 9001:2015<br>ISO 14001:2015<br>ISO 18001: 2007 |
| | | Warrantee period | 01-year |
| 4 | Office Table | Padestal (Under structure) | Mild Steel Square Section of minimum 25<br>and wall thickness minimum 1.2 mm |
| | | Table top Material | Three layer prelaminated particle board o<br>II type II of IS 12823/Latest |
| | | Leg Material | 1.6 mm thick MS ERW Tube |
| | | Thickness of table top | 18 mm (±2 mm) |
| | | Length of table top | 1200 mm(±10 mm) |
| | | Depth of table | 600 mm(±10 mm) |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | Height of table | 760 mm(±10 mm) |
| | | Number of Storage unit provided | Triple storage on one side |
| | | Storage Unit and Drawer Units Material | 0.7 mm M S sheet |
| | | Depth of Storage Unit | 550 mm(±10 mm) |
| | | ISO Certification | ISO 9001:2015<br>ISO 14001:2015<br>ISO 18001: 2007 |
| | | Warrantee period | 01-year |
| 6 | Steel Almirah big | Material | M S Sheet conforming to Quality Grade D IS:513/2008 with amend. no. 1 (Not as per 3312) |
| | | Material of Almirah Doors | M S Sheet |
| | | Sheet Thickness of door | 0.8 mm (Minimum) |
| | | Sheet Thickness of sides, back , Top and Bottom | 0.8 mm |
| | | Sheet Thickness of Shelves | 0.8 mm |
| | | Sheet Thickness of Pedestal | 0.8 mm (Minimum) |
| | | Material of Lock | Brass and steel finish |
| | | No of shelves (Nos) | 5 |
| | | Type of Shelves | Fixed |
| | | Height of almirah (Without Pedestal) | 1800mm(± 10 mm) |
| | | Width of almirah | 910 mm (± 5 mm) |
| | | Depth of almirah | 480 mm (± 5 mm) |
| | | Finish | powder coated |
| | | Warrantee period | 01-year |

# PROFORMA FOR NON BLACKLISTING AFFIDAVIT

**(To be submitted on Rs. 10/- Non Judicial Stamp Paper)**

## UNDERTAKING

I/we do hereby declare that our firm is not black listed or debarred or prohibited by Government of Uttarakhand /Government of Indiaor any State Government / Board / Universities, since inceptionof the FirmCompany, and no enquiry is pending against my/our firm/company and no criminal case is pending against the firm/company.

I further undertake and understand that if above declaration proves to be wrong/ incorrect or misleading, our tender/ contract stands to be cancelled/ terminated.

Signature of Authorized Person
Name and seal of the firm
Date: ...../...../2021
Contact Number.

# PROFORMA FOR BID SECURITY DECLARATION

**(To be submitted on Rs. 100/- Non Judicial Stamp Paper)**

## DECLARATION

To

The Registrar,
Uttarakhand Open University Haldwani.

Sir/Madam,

I/We, the under signed declare that,

I/We understand that according to your conditions, bids must be supported by a Bid Security Declaration.

I/We accept that I/We may be disqualified from bidding for any contract with you for a period of one year from the date of notification f1 am/We are in a breach of any obligation under the bid conditions, because I/We

(a) Have withdrawn / modified / amended, impairs or damages from the tender, my / our Bid

During the period of bid validity specified in the form of Bid, or

(b) having been notified of the acceptance of our Bid by the purchaser during the period of bid validity (i) fail or refuse to execute the contract, if required, or (ii) fail or refuse to furnish the performance security , inaccordance with the instructions to Bidders.

1 / We understand this Bid Securing Declaration shall lease to be valid if I am/we are not the successful Bidder, upon the earlier of (i) the receipt of your notification of the name of the successful Bidder ; or (ii) thirty day safter the expiration of the validity of my / our Bid.

Signature:_____________________

In the capacity of:_____________________

Name:_____________________

Duly authorized to sign the bid for an on behalf of M/s._____________________Dated on_____________________day of_____________________
Corporate Seal:

(Note: In case of a Joint Venture, the Bid Securing Declaration must be in the name of all

Partners to the Joint Venture that submits the bid